महाकाल निकलते हैं | By Pt. Ravinder Sharma

अकाल मृत्यु वो मरे जो काम करे चंडाल का
काल उसका क्या बिगाड़े जो भक्त हो महाकाल का

बम बम बम बम भोले, बम बम बम बम भोले
बम बम बम बम भोले, बम बम बम बम भोले

दु:ख भंजन शिव कालो के काल चलते हैं
दर्शन देने भक्तों को तत्काल चलते हैं
सावन के महीने में महाकाल निकलते हैं 3

बम बम बम बम भोले, बम बम बम बम भोले

जटा में गंगा मस्तक चंदा अलख निरंजन मतवाला
गले में विषधर काले काले पहने हुए है मृगझाला
ताज़ा भस्मी इस्म शान की तन पे मलते हैं
सावन के महीने में महाकाल निकलते हैं 2

बम बम बम बम भोले, बम बम बम बम भोले

सोमवार सावन का व्रत हो महाकाल के दर्शन हो
बेलपत्र मंदार पुष्प हो उससे शिव का सुमिरन हो
महाकाल खुश होते भैया .....हो हो हो
महाकाल खुश होते दु:ख के बादल टलते हैं
सावन के महीने में महाकाल निकलते हैं 2

बम बम बम बम भोले, बम बम बम बम भोले

अखिलेश्वर की करुणा ने ही सृष्टि का उद्धार किया
एक कलश जल पाकर शिव ने हर सपना साकार किया
उज्जैनी के महाराजा हैं .....हो हो हो
उज्जैनी के महाराजा तक़दीर बदलते हैं
सावन के महीने में महाकाल निकलते हैं 2

बम बम बम बम भोले, बम बम बम बम भोले

सावन में शिव का आराधन शिव ही मंगलकारी है
आहुतोष औघड़ दानी हैं शिव मेरे दातारि हैं
अवंतिका की नगरी में जो...हो हो हो
अवंतिका की नगरी में सब पाप जलते हैं
सावन के महीने में महाकाल निकलते हैं 2

बम बम बम बम भोले, बम बम बम बम भोले

हैं सम्राट चराचर जग के दिव्य पालकी सजती है
महाकाल की हरीश नगरिया दुल्हन जैसी लगती है
डम डम डमरू ढोल हैं बाजे .....हो हो हो
डम डम डमरू ढोल हैं बाजे भक्त मचलते हैं
सावन के महीने में महाकाल निकलते हैं 2

बम बम बम बम भोले, बम बम बम बम भोले

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b2-%e0%a4%a8%e0%a4%bf%e0%a4%95%e0%a4%b2%e0%a4%a4%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a5%88%e0%a4%82-by-pt-ravinder-sharma/